Toppersnotes®
Unleash the topper in you

# CUET - UG

## Common University Entrance Test

National Testing Agency

सामान्य परीक्षण

# तार्किक योग्यता

SIERRA INNOVATIONS

# CUET (UG)

| क्र.सं. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| | **तार्किक योग्यता** | |
| 1. | अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण | 1 |
| 2. | सादृश्यता | 8 |
| 3. | वर्गीकरण | 15 |
| 4. | कूट–भाषा परीक्षण | 20 |
| 5. | रक्त संबंध | 28 |
| 6. | दिशा और दूरी | 35 |
| 7. | श्रृंखला | 43 |
| 8. | क्रम और रैंकिंग | 50 |
| 9. | बैठक व्यवस्था | 54 |
| 10. | न्याय निगमन | 59 |
| 11. | वेन आरेख | 66 |
| 12. | आकृतियों की गणना | 71 |
| 13. | लुप्त पदों का भरना | 81 |
| 14. | घडी | 88 |
| 15. | कैलेण्डर | 95 |
| 16. | विश्लेषणात्मक निर्णय लेना | 99 |
| 17. | कागज मोडना एवं काटना | 116 |
| 18. | आकृति–निर्माण | 121 |
| 19. | दर्पण प्रतिबिम्ब | 124 |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | अपूर्ण आकृति को पूरा करना | 129 |
| 21. | सन्निहित आकृतियाँ | 135 |

# अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण
# (English Alphabet Test)

अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण अंग्रेजी अक्षरों या वर्णमाला के एक निश्चित प्रारूप में व्यवस्थित होने पर आधारित है। इस परीक्षण के अन्तर्गत चुने गए अक्षरों द्वारा शब्दों की रचना, अक्षरों के युग्म और दो अक्षरों के मध्य अक्षर ज्ञात करना इत्यादि पर आधारित प्रश्न हल होते है।

## प्रश्नों के प्रकार

1. वर्ण परीक्षण पर आधारित प्रश्न
2. अक्षर-युग्म पर आधारित प्रश्न
3. शब्द निर्माण तथा अक्षर व्यवस्थिकरण
4. अक्षर समूहों पर आधारित प्रश्न

<u>अंग्रेजी वर्णमाला से संबंधित कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य</u>

1. अंग्रेजी वर्णमाला के बडे/छोटे अक्षर-

| | |
|---|---|
| बडे अक्षर | A B C D E F G H I J K L M |
| छोटे अक्षर | a b c d e f g h i j k l m |
| बडे अक्षर | N O P Q R S T U V W X Y Z |
| छोटे अक्षर | n o p q r s t u v w x y z |

2. अंग्रेजी वर्णमाला के स्वर और व्यंजन-

(i) स्वर - अंग्रेजी वर्णमाला में 5 स्वर होते है, जो निम्न है -

A, E, I, O, U

(ii) व्यंजन - अंग्रेजी वर्णमाला में 21 व्यंजन होते है, जो निम्न है -

B, C, D, F, G, H, J, K, L, M, N, P, Q, R, S, T, V, W, X, Y, Z

3. अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षरों का स्थान व अर्द्धांश-
वर्णमाला के प्रथम 13 तथा अंतिम 13 अक्षरों को क्रमशः प्रथम व द्वितीय अर्द्धांश कहते है। यह स्थान दो क्रमों पर निर्भर करता है।

(i) सीधे क्रम का प्रथम व द्वितीय अर्द्धांश - इस क्रम में A से M तक अक्षरों को प्रथम अर्द्धांश तथा N से Z तक के अक्षरों को द्वितीय अर्द्धांश कहते है।

बाएँ से दाएँ

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |

← प्रथम अर्द्धांश →

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| N | O | P | Q | R | S | T | U | V | W | X | Y | Z |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |

— द्वितीय अर्द्धांश —

(ii) विपरीत क्रम का प्रथम व द्वितीय अर्द्धांश -
इस क्रम में Z से N तक के अक्षरों को प्रथम अर्द्धांश तथा M से A तक के अक्षरों को द्वितीय अर्द्धांश कहते है।

बाएँ से दाएँ

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Z | Y | X | W | V | U | T | S | R | Q | P | O | N |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |

← प्रथम अर्द्धांश →

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| M | L | K | J | I | H | G | F | E | D | C | B | A |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |

← द्वितीय अर्द्धांश →

4. EJOTY व CFILORUX द्वारा अक्षरों का स्थान क्रम ज्ञात करना-

बाएँ से

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| E | J | O | T | Y |
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 5 | 10 | 15 | 20 | 25 |

5 →(+5) 10 →(+5) 15 →(+5) 20 →(+5) 25

बाएँ से

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| C | F | I | L | O | R | U | X |
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 3 | 6 | 9 | 12 | 15 | 18 | 21 | 24 |

3 →(+3) 6 →(+3) 9 →(+3) 12 →(+3) 15 →(+3) 18 →(+3) 21 →(+3) 24

5. विपरीत अक्षर – अंग्रेजी वर्णमाला में प्रत्येक अक्षर का एक विपरीत अक्षर होता है ।

| | | |
|---|---|---|
| A | Z | 1 + 26 = 27 |
| B | Y | 2 + 25 = 27 |
| C | X | 3 + 24 = 27 |
| D | W | 4 + 23 = 27 |
| E | V | 5 + 22 = 27 |
| F | U | 6 + 21 = 27 |
| G | T | 7 + 20 = 27 |
| H | S | 8 + 19 = 27 |
| I | R | 9 + 18 = 27 |
| J | Q | 10 + 17 = 27 |
| K | P | 11 + 16 = 27 |
| L | O | 12 + 15 = 27 |
| M | N | 13 + 14 = 27 |

अंग्रेजी वर्णमाला के जिस अक्षर का विपरीत अक्षर ज्ञात करना हो तो उस अक्षर की संगत संख्या को 27 में से घटा देते है । घटाने के बाद जो संख्या प्राप्त होती है, वही विपरीत अक्षर की संगत संख्या होती है ।

6. अक्षरों के बाएँ तथा दाएँ ओर का अक्षर ज्ञात करना
जिस ओर हमारा दायाँ होता है, उसी ओर अक्षरों का भी दायाँ होता है और जिस ओर हमारा बायाँ होता है, उसी ओर अक्षरों का भी बायाँ होता है ।
जैसे –

A B C D E F G H I J K L M
←
बाईं ओर

N O P Q R S T U V W X Y Z
→
दाईं ओर

## प्रश्नों के प्रकार

### प्रकार – 1 वर्ण परीक्षण पर आधारित प्रश्न

1. सीधे क्रम में अक्षरों का स्थान–
उदाहरण –
वर्णमाला A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z में बाएँ से सोलहवें अक्षर के दाहिने से छठा अक्षर कौनसा है ?

(A) F (B) Q
(C) U (D) V

उत्तर (D)

व्याख्या– प्रश्नानुसार

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M | N | O |

| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| P | Q | R | S | T | U | V | W | X | Y | Z |

दाएँ छठा

अंग्रेजी वर्णमाला में बाएँ से 16 वाँ अक्षर = P 16 वाँ
अतः P के दाएँ छठा अक्षर = V

वैकल्पिक विधि–
अंग्रेजी वर्णमाला में बाएँ से m वें अक्षर के दाएँ n वाँ अक्षर = बाएँ से (m + n) वाँ अक्षर
m = 16 तथा n = 6
बाएँ से (16 + 6) वाँ अक्षर = बाएँ से 22 वाँ अक्षर = V

2. विपरीत क्रम में अक्षरों का स्थान–
उदाहरण – यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो दाएँ से तीसरे अक्षर के बाईं ओर 13 वाँ अक्षर कौनसा होगा ?

(A) C (B) P
(C) R (D) L

उत्तर– (B)

व्याख्या– अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत क्रम में दाएँ से m वें अक्षर के बाएँ से n वाँ अक्षर = दाएँ से (m + n) वाँ अक्षर
यहाँ, m = 3 तथा n = 13
= दाएँ से (3 + 13) वाँ अक्षर = दाएँ से 16 वाँ अक्षर = P

3. प्रथम अर्द्धांश के विपरीत क्रम में अक्षरों का स्थान–
इसके अन्तर्गत अंग्रेजी वर्णमाला के आरंभ के आधे अक्षरों अर्थात् A से M तक के अक्षरों को विपरीत क्रम में तथा शेष आधे अक्षरों को ज्यों का त्यों लिखा जाता है ।
उदाहरण –
यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रथम अर्द्धांश को विपरीत क्रम में लिखा जाए तो आपके दाईं ओर से 10 वें अक्षर के बाईं ओर 7 वाँ अक्षर कौनसा होगा ?

(A) C (B) E
(C) D (D) J

उत्तर– (C)

व्याख्या- प्रश्नानुसार,







दाईं ओर से 10 वाँ अक्षर Q है तथा अक्षर Q के बाईं ओर, 7 वाँ अक्षर D है। अतः अभीष्ट अक्षर = D

4. अनेक अक्षर खण्डों के विपरीत क्रम में अक्षरों का स्थान-

उदाहरण -

यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रथम 4 अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए, पुनः 5 अक्षरों को भी विपरीत क्रम में, पुनः 6 अक्षरों को भी विपरीत क्रम में, 5 अक्षरों को भी विपरीत क्रम में, पुनः 6 अक्षरों को भी विपरीत क्रम में, पुनः 7 अक्षरों को भी विपरीत क्रम में तथा शेष अक्षरों को भी विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो दाएँ से 8 वें अक्षर के बाएँ 7 वाँ अक्षर कौनसा होगा ?

(A) O (B) L

(C) N (D) M

उत्तर- (D)

प्रश्नानुसार-







दाएँ से 8 वाँ अक्षर S है तथा S अक्षर के बाईं ओर 7 वाँ अक्षर M है। अतः अभीष्ट अक्षर = M

5. दो अक्षरों के मध्य में अक्षरों की संख्या -

उदाहरण -

अंग्रेजी वर्णमाला में बाएँ से 8 वें तथा दाएँ से 7 वें अक्षर के मध्य में कितने अक्षर हैं ?

(A) 8 (B) 9

(C) 10 (D) 11

उत्तर- (D)

व्याख्या- प्रश्नानुसार




अतः बाएँ से 8 वाँ अक्षर H है तथा दाएँ से 7 वाँ अक्षर T है और इन दोनों के मध्य में 11 अक्षर है।

6. वर्णक्रमानुसार व्यवस्थित करने पर अक्षरों की समान स्थिति -

उदाहरण - यदि शब्द CADMP में प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला के क्रमानुसार व्यवस्थित किया जाए तो कितने अक्षरों के स्थान अपरिवर्तित रहेंगे।

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

उत्तर- (C)

व्याख्या–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मूल शब्द | C | A | D | M | P |
| वर्णमाला क्रमानुसार | A | C | D | M | P |

अतः इस प्रकार के अक्षर D, M तथा P है ।

## प्रकार – 2 अक्षर–युग्म पर आधारित प्रश्न

यदि किसी शब्द के दो अक्षरों के मध्य उतने ही अक्षर विद्यमान हो, जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला में उन दोनों के मध्य होते है तो इस प्रकार उन दोनों अक्षरों में बनने वाले जोडे को एक अक्षर–युग्म कहते है ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 24 | 5 | 3 | 21 | 20 | 9 | 15 | 14 |
| E | X | E | C | U | T | I | O | N |

उदाहरण – 7 दिए गए शब्द EXECUTION में अक्षरों के ऐसे कितने जोडे है, जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर है, जितने अंग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच होते है ?

(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 3 से अधिक

उत्तर– (D)

व्याख्या– प्रश्नानुसार,

अतः अभीष्ट अक्षर–युग्म UX, TU EI तथा NO अर्थात् 4 है ।

## प्रकार – 3 शब्द निर्माण तथा अक्षर व्यवस्थिकरण

1. अर्थपूर्ण शब्द के अक्षरों को बदलना–

उदाहरण – यदि COMMUNICATIONS में पहले और दूसरे, तीसरे और चौथे, पाँचवे और छठे तथा इसी प्रकार अन्य अक्षरों को परस्पर बदल दिया जाए, तो अपने दाएँ से गणना करने पर 10 वाँ अक्षर कौनसा होगा ?

(A) T (B) N
(C) U (D) A

उत्तर– (B)

व्याख्या– दिए गए शब्द COMMUNICATIONS में अक्षरों के स्थान परिवर्तित करने पर बना शब्द

O C M M N U C I T A O I S N

दाएँ से 7 वाँ

अतः अभीष्ट अक्षर = N

2. अर्थपूर्ण शब्द के चुने हुए/क्रमागत अक्षरों से अर्थपूर्ण शब्द बनाना–

उदाहरण – यदि शब्द SHARE HOLDING के पहले, तीसरे, पाँचवें और आठवें अक्षरों से कोई एक सार्थक शब्द बन सकता है तो उसका दूसरा अक्षर क्या होगा ? यदि ऐसा कोई शब्द बनना संभंव न हो, तो उत्तर 'X' दीजिए और यदि एक से अधिक शब्द बनने संभंव हो, तो उत्तर 'Y' दीजिए ।

(A) L (B) E
(C) X (D) Y

उत्तर– (D)

व्याख्या– प्रश्नानुसार दिया गया शब्द,

S H A R E H O L D I N G

पहला (S), तीसरा (A), पाँचवाँ (E), आँठवाँ (L)

नया शब्द, SEAL = SALE, SEAL = 2 अर्थपूर्ण शब्द इससे बनने वाले दो सार्थक शब्द SALE और SEAL है, अतः (D) विकल्प सही होगा ।

उदाहरण – DIALOGUE शब्द के वर्णों से चार या अधिक वर्ण वाले कितने सार्थक शब्द बनाए जा सकते है?

(A) 5 (B) 7
(C) 9 (D) 8

उत्तर– (C)

व्याख्या– DIALOGUE के वर्णों से चार या अधिक वर्ण वाले 9 शब्द बनाए जा सकते है ।

जैसे –

DIAL, GOAL, GOAD, GILD, GLUE, GUILD, LOUD, GUIDE, GUILE आदि ।

3. दिए गए अक्षरों को व्यवस्थित कर अर्थपूर्ण शब्द बनाना

उदाहरण – नीचे दिए गए विभिन्न अक्षरों की संख्याओं को इस प्रकार व्यवस्थित कीजिए, जिससे कि एक अर्थपूर्ण शब्द बन जाए

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| G | T | A | E | N | M |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

(A) 1, 3 , 2, 6, 4, 5 (B) 6, 3, 5, 1, 4, 2
(C) 1, 3, 2, 5, 4, 6 (D) 6, 3, 1, 5, 4, 2

उत्तर– (D)

व्याख्या– दिए गए अक्षरों को अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित करने पर, MAGNET शब्द बनता है जो कि 6,3,1,5,4,2 क्रम में अंकों को व्यवस्थित करने पर प्राप्त होता है ।

**प्रकार – 4 अक्षर समूहों पर आधारित प्रश्न**

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में तीन या चार अक्षरों के कुछ समूह दिए जाते है । प्रश्न में दिए गए निर्देशों के अनुसार इन अक्षर समूहों को व्यवस्थित कर उत्तर ज्ञात करना होता है ।

उदाहरण – यदि दिए गए सभी शब्दों में उनसे पहले अक्षर S लगा दिया जाए तो नई व्यवस्था में कितने शब्दों से अंग्रेजी के अर्थपूर्ण शब्द बनेगें ?

SHE, OLD, ANT, TIN, JUG

(A) केवल SHE (B) ANT तथा JUG

(C) केवल OLD (D) TIN तथा JUG

उत्तर– (C)

व्याख्या– नई व्यवस्था में शब्द निम्न है–

SSHE, SOLD, SANT, STIN, SJUG

अतः दिए गए शब्दों में अक्षर S को उनके पहले लगाने पर केवल एक अर्थपूर्ण शब्द SOLD बनता है ।

**प्रकार – 5 नियम निर्देश पर आधारित –**

इस प्रकार के प्रश्नों में अंग्रेजी अक्षरों से संबंधित एक नियम दिया गया होता है । इन नियमों का पालन करते हुए यह देखना होता है कि कौनसे विकल्प में दिया गया अक्षर समूह का पालन कर रहा है ?

उदाहरण – दो अक्षरों के बीच में एक अक्षर छूटा हुआ है ।

(A) EGIKM (B) MOQTU

(C) MPQTU (D) MNOPQ

उत्तर– (A)

व्याख्या–




अतः EGIKM अक्षर–युग्म में प्रत्येक दो अक्षरों के बीच में एक अक्षर छूटा हुआ है।

उदाहरण – अंग्रेजी अक्षर, वर्णमाला के विपरीत क्रम में है ।

(A) ABCDE (B) ZYXWV

(C) KLMNO (D) PQRST

उत्तर– (B)

व्याख्या–




अतः Z Y X W V अक्षर–युग्म, अक्षर वर्णमाला के विपरीत क्रम में है ।

## उदाहरण हल सहित

1. अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षर J और T के ठीक बीच में कौनसा अक्षर होगा ?

   (A) N (B) O

   (C) P (D) Q

उत्तर– (B)

व्याख्या–




J और T के ठीक मध्य में O अक्षर है ।

2. अंग्रेजी वर्णमाला में बाईं ओर से 20वें तथा दाईं ओर से 21वें अक्षर के ठीक बीच में कौनसा अक्षर होगा?

   (A) L (B) M

   (C) N (D) O

उत्तर– (B)

व्याख्या–




बाएँ से 20 वाँ अक्षर T तथा दाएँ से 21 वाँ अक्षर F है और इन दोनों के ठीक बीच में M अक्षर है ।

3. यदि BEAUTIFUL शब्द के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करते हुए वर्णमाला के अनुसार लिखा जाए तो वैसे कितने अक्षर होंगे जिनका स्थान क्रम अपरिवर्तित रहेगा ?

   (A) एक (B) तीन

   (C) दो (D) तीन से अधिक

उत्तर– (A)

व्याख्या–

प्रश्नानुसार–

| | |
|---|---|
| मूल शब्द | B E A U T I F [U] L |
| वर्णमाला क्रमानुसार | A B E F I L T [U] U |

अतः केवल एक अक्षर का स्थान क्रम अपरिवर्तित रहता है।

4. यदि शब्द DOMAINS के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार उसके आगे आने वाले वर्ण से बदल दिया जाए तथा प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार उसके पहले वाले वर्ण से बदल दिया जाए तथा इसके पश्चात् सभी वर्णों को वर्णमाला क्रमानुसार (बाएँ से दाएँ) लगाया जाए तो इस प्रकार बने क्रम में दाएँ से तीसरे स्थान पर निम्न में से कौनसा वर्ण होगा ?

(A) J (B) C
(C) P (D) M

उत्तर– (D)

व्याख्या–

दिया गया शब्द ⟶ D O M A I N S
स्वर को बदलने पर ⟶ D P M B J N S
व्यंजन को बदलने पर ⟶ C P L B J M R

अब, इन वर्णों को वर्णमाला क्रमानुसार (बाएँ से दाएँ लगाने पर)

B C J L [M] P R

↑ ← दाएँ से तीसरा

5. शब्द HTUTR के प्रत्येक अक्षर का केवल एक बार प्रयोग कर एक अर्थपूर्ण शब्द बनाइए। बनाएँ गए शब्द का पाँचवाँ अक्षर आपका उत्तर होगा। यदि एक से अधिक ऐसे शब्द बनते है तो आपका उत्तर गलत होगा।

(A) H (B) R
(C) U (D) X

उत्तर– (A)

व्याख्या–

प्रश्नानुसार–

अक्षर-समूह HTUTR से बनने वाले अर्थपूर्ण शब्द = TRUTH

अतः TRUTH में बाएँ से पाँचवाँ अक्षर = H

6. शब्द WASHINGTON में वह कौनसा अक्षर है, जो गिनने पर वही संख्या है जो वर्णमाला में है?

(A) N (B) T
(C) O (D) G

उत्तर– (D)

व्याख्या–

प्रश्नानुसार–

W A S H I N [G] T O N
A B C D E F [G] H I J ⟶ वर्णमाला क्रम

अतः अभीष्ट अक्षर = G

7. निम्न उदाहरण में एक शब्द तथा उसके बाद चार विकल्प दिए गए है। चार विकल्पों में से केवल एक ही विकल्प ऐसा है, जो दिए गए मूल शब्द के अक्षरों से बनाया जा सकता है। उस विकल्प को चुनिए।

VENTURESOME

(A) ROSTRUM (B) TRAVERSER
(C) SERMON (D) SEVENTEEN

उत्तर– (C)

व्याख्या– दिए गए शब्द के अक्षरों से SERMON शब्द बनाया जा सकता है।

8. अक्षरों के एक समूह में प्रत्येक को एक संख्या नियत की गई है। उन्हें एक सार्थक क्रम में रखकर, दिए गए उत्तरों के अक्षरों में से सही क्रम का चयन कीजिए।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Y | M | L | O | S | B | C | I |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

(A) 47685321 (B) 51264387
(C) 21645387 (D) 56241387

उत्तर– (B)

व्याख्या– Y M L O S B C I के अक्षरों को व्यवस्थित करने पर शब्द S Y M B O L I C बनेगा। अतः सही क्रम 5 1 2 6 4 3 8 7 है।

9. नए शब्द बनाने के लिए निम्नलिखित प्रश्नों के शब्दों के बाद में कौनसा अक्षर लगाया जा सकता है ?

STAG, ENGAG, DAMAG, SEWAG

(A) A (B) S
(C) E (D) P

उत्तर– (C)

व्याख्या– यदि शब्दों STAG, ENGAM, DAMAG, SEWAG के तुरन्त बाद अक्षर E लगा दिया जाए तो पूरी तरह से नए अर्थपूर्ण शब्द STAGE, ENGAGE, DAMAGE, SEWAGE बन जाएगें ।

10. दो आसन्न अक्षरों के बीच छोडे गए अक्षरों की संख्या दो के गुणकों से बढ़ती है ।
(A) ADIPY (B) JMRYG
(C) EHNTC (D) HKBWF

उत्तर– (A)

व्याख्या– श्रृंखला A में दिए गए नियम का पालन हो रहा है ।




अतः अभीष्ट श्रृंखला = ADIPY

# सादृश्यता (ANALOGY)

किसी वस्तु, शब्द, अक्षर, संख्या के किसी अन्य वस्तु, शब्द, अक्षर, संख्या से गुण, रूप, आकार, प्रकार, लक्षण आदि में किसी भी प्रकार से संबंध या समानता को सादृश्यता या समरूपता कहा जाता है ।

सादृश्यता के अन्तर्गत सामान्यतः इस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं ।

सादृश्यता के प्रकार

1. हिन्दी शब्द सादृश्यता
2. अंग्रेजी अक्षर सादृश्यता
3. अंग्रेजी शब्द सादृश्यता
4. संख्या सादृश्यता

## प्रकार 1 – हिन्दी शब्द सादृश्यता

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में दिए गए हिन्दी शब्दो के संबंध पर विचार करते हुए दिए गए उत्तर विकल्पों में से एक ऐसे शब्द को ज्ञात करना होता है, जिसका संबंध दिए गए शब्दों या तीसरे शब्द के साथ स्थापित हो सकें ।

(i) समरूप शब्द ज्ञात करना – इसके अन्तर्गत पूछे गए प्रश्नों में दिए गए दो शब्दो के संबंध पर विचार करते हुए उत्तर विकल्पों में से ऐसे शब्द को ज्ञात करना होता है, जिसका संबंध दिए गए तीसरे शब्द के साथ स्थापित होता है ।

उदाहरण 1 – दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए ।

नदी : धारा : महासागर : ?

(A) प्रवाह (B) तालाब
(C) बाँध (D) समुद्र

उत्तर – (A) प्रवाह

व्याख्या– जिस प्रकार नदी के पानी से धारा उत्पन्न होती है, उसी प्रकार महासागर के पानी से प्रवाह उत्पन्न होता है ।

उदाहरण 2 – जिस प्रकार कोलम्बो, श्रीलंका से संबंधित है, उसी प्रकार काठमाण्डू किससे संबंधित है?

(A) तिब्बत (B) भारत
(C) भूटान (D) नेपाल

उत्तर (D) नेपाल

व्याख्या– जिस प्रकार कोलम्बो, श्रीलंका की राजधानी है, उसी प्रकार, काठमाण्डू नेपाल की राजधानी है ।

(ii) समरूप युग्म ज्ञात करना – इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में दो शब्द दिए होते है, जो कि आपस में किसी प्रकार से संबंधित होते हैं । ठीक इसी प्रकार का संबंध नीचे दिए गए विकल्पों में से किसी एक विकल्प में भी होता है ।

उदाहरण 3 – दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द – युग्म को चुनिए ।

उद्देशिका : संविधान :: ? : ?

(A) शब्द : शब्दकोश
(B) विषय-वस्तु : पत्रिका
(C) स्पष्टीकरण : कविता
(D) प्रस्तावना : पुस्तक

उत्तर (D)

व्याख्या– जिस प्रकार, संविधान की उद्देशिका होती है, ठीक उसी प्रकार पुस्तक की प्रस्तावना होती है ।

(iii) शब्दों के समरूप शब्द तथा समरूप शब्दों के लिए विशेष वर्ग चुनना

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में कुछ शब्द दिए होते हैं । हमे दिए गए विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनना होता है जो ठीक वैसा ही हो जैसे की आरम्भ में दिए गए शब्द है और वह शब्द ज्ञात करना होता है जो प्रश्न में दिए गए शब्दों के बीच विशेषता दर्शाता है ।

उदाहरण 4 – कौन वैसा ही है जैसे – भूकम्प, चक्रवात, ज्वालामुखी विस्फोट है ?

(A) वैश्विक ऊष्मा (B) बाढ
(C) दुर्घटनाएँ (D) परमाणु विस्फोट

उत्तर (B) बाढ

व्याख्या– जिस प्रकार भूकम्प, चक्रवात एवं ज्वालामुखी विस्फोट प्राकृतिक आपदाएँ हैं । उसी प्रकार बाढ भी एक प्राकृतिक आपदा है ।

उदाहरण 5 – नीचे तीन शब्द दिए हैं, जिनमें कुछ सामान्य विशेषता है, सही विकल्प को चुनिए ।

साँप, छिपकली, मगरमच्छ

(A) सरीसृप (B) स्तनधारी
(C) सर्वाधारी (D) हिरण

उत्तर (A)

व्याख्या- साँप, छिपकली और मगरमच्छ तीनो सरीसृप हैं ।

उदाहरण 6 – वह विकल्प ज्ञात कीजिए, जिसमें वही संबंध हो, जो नीचे दिए गए तीनों शब्दो में हैं ।
राजा, रानी, महल
(A) कबूतर, चिड़िया, औषधालय
(B) बकरा, बकरी, किला
(C) भौंरा, मकड़ी, जल
(D) शेर, शेरनी, गुफा
उत्तर (D)
व्याख्या- जिस प्रकार, राजा – रानी दोनों साथ में महल में निवास करते हैं, उसी प्रकार शेर और शेरनी दोनों साथ में गुफा में निवास करते हैं ।
(iv) दोहरी समरूपता – इसके अन्तर्गत प्रश्न में चिन्ह (::) के बाई एवं दाई ओर दो – दो शब्द दिए गए होते हैं । दोनों ओर के शब्दों में एक-एक शब्द लुप्त रहता है ।
लुप्त शब्द को नीचे दिए विकल्पों में से ज्ञात करना होता है ।

उदाहरण 7 – निम्न प्रश्न में लुप्त शब्द को नीचे दिए गए विकल्प में से ज्ञात करें
A : भद्दा :: शान्ति : B
(A) A - सुन्दर, B-युद्ध
(B) A – मित्रता, B – शोर
(C) A – ईमानदारी, B – सन्धि
(D) A - संख्या, B – हड़ताल
उत्तर (A)
व्याख्या- जिस प्रकार, सुन्दर और भद्दा एक दूसरे के विपरीतार्थक शब्द हैं । उसी प्रकार, शान्ति और युद्ध भी एक दूसरे के विपरीतार्थक शब्द हैं ।

## प्रकार – 2 अंग्रेजी अक्षर सादृश्यता

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्न, अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों या अक्षर समूहों पर आधारित होते हैं । इन प्रश्नों में दिए गए प्रथम दो अक्षर – समूहो के संबंध को ज्ञात करके इसी आधार पर तीसरें अक्षर – समूह के लिए सही उत्तर को विकल्पों में से ज्ञात करना होता है ।

**अंग्रेजी अक्षर तथा उनकी संगत संख्याएँ –**

| अंग्रेजी अक्षर | A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संगत संख्याएँ | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |

**अंग्रेजी अक्षर के स्वर और व्यंजन अक्षर –**

| | |
|---|---|
| स्वर अक्षर | A,E,I,O,U |
| व्यंजन अक्षर | B,C,D,F,G,H,J,K,L,M,N,P,Q, R,S,T,V,W,X,Y,Z |

**अंग्रेजी अक्षर के स्वर और व्यंजन अक्षर –**

| | |
|---|---|
| स्वर अक्षर | A,E,I,O,U |
| व्यंजन अक्षर | B,C,D,F,G,H,J,K,L,M,N,O,P,Q,R,S,T,V,W,X,Y,Z |

उदाहरण – 8
CHAIR : RIAHC :: TABLE : ?
(A) BLAET (B) ETABL
(C) LETAB (D) ELBAT
उत्तर (D)
व्याख्या- जिस प्रकार
CHAIR ⟶ RIAHC
उसी प्रकार
TABLE ⟶ ELBAT

उदाहरण – 9
HORSE : SERHO :: CURSE : ?
(A) RCUES (B) SECRU
(C) SERCU (D) ERCUS
उत्तर (C)
व्याख्या-




उदाहरण – 10
EGH : IJK :: NPQ : ?
(A) PRS (B) RSU
(C) RTU (D) RST
उत्तर (D)

व्याख्या–

जिस प्रकार

| E | G | H |
|---|---|---|
| ↓ +4 | ↓ +3 | ↓ +3 |
| I | J | K |

उसी प्रकार

| N | P | Q |
|---|---|---|
| ↓ +4 | ↓ +3 | ↓ +3 |
| R | S | T |

## प्रकार – 3 अंग्रेजी शब्द सादृश्यता

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्न अंग्रेजी शब्दों पर आधारित होते हैं । इन प्रश्नों में दिए गए प्रथम दो शब्दो के संबंधों को ज्ञात करके इसी आधार पर तीसरे शब्द के लिए सही उत्तर विकल्पों में से ज्ञात करते हैं ।

(i) संबंधित शब्द ज्ञात करना

उदाहरण – 11 – निम्न प्रश्न में उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी तरह संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित हैं ?

Shallow : Profound :: Synonym : ?

(A) Context (B) Antonym
(C) Meaning (D) Content

उत्तर (B)

व्याख्या– जिस प्रकार Shallow का विपरीतार्थक शब्द Profound होता है, उसी प्रकार Synonym का विपरीतार्थक शब्द Antonym हैं ।

(ii) शब्द युग्म के समरूप शब्द युग्म ज्ञात करना

उदाहरण 12 – निम्नलिखित में से शब्दों का कौन-सा युग्म वैसा ही संबंध दर्शाता है जिस प्रकार का संबंध Fan : Heat के बीच है ?

(A) Water : Drink
(B) Food : Hunger
(C) Light : Night
(D) Air : Breath

उत्तर (B)

व्याख्या– जब गर्मी (Heat) होती है, तब पंखा (Fan) चलाया जाता है, उसी प्रकार भूख (Hunger) लगने पर भोजन (Food) किया जाता है ।

## प्रकार – 4 – संख्या सादृश्यता

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में संख्याओं के क्रम, संख्याओं के वर्गो के क्रम, अभाज्य संख्याओं के क्रम आदि पर आधारित प्रश्न पूछे जाते है, दूसरे शब्दो में इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्न गणितीय संक्रियाओं पर आधारित होते हैं ।

उदाहरण 13 – उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद, पहले पद से संबंधित है ?

23 : 69 : 27 : ?

(A) 91 (B) 73
(C) 81 (D) 89

उत्तर (C)

व्याख्या– जिस प्रकार 23×3=69
उसी प्रकार 27×3=81

उदाहरण 14 – दिए गए विकल्पों में से संबंधित संख्या को चुनिए ?

8 : 32 :: 6 : ?

(A) 31 (B) 22
(C) 18 (D) 21

उत्तर (C)

व्याख्या– जिस प्रकार $= 8^2 = 64$
$64 \div 2 = 32$
उसी प्रकार $= 6^2 = 36$
$36 \div 2 = 18$

उदाहरण 15 – दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प को ज्ञात कीजिए जो 10 : 13 : 16 के समान है ?

(A) 8 : 10 : 15 (B) 13: 16 : 19
(C) 23: 29 : 23 (D) 10 : 16 : 23

उत्तर (B)

व्याख्या– जिस प्रकार

10 : 13 : 16
+3 +3

उसी प्रकार

13 : 16 : 19
+3 +3

प्रश्न हल सहित

Q.1 जिस प्रकार सैनिक का संबंध सेना से है, उसी प्रकार खिलाडी का संबंध किससे है ?

(A) खेल (B) कप्तान
(C) टीम (D) खेलकूद

उत्तर (C)

व्याख्या- जिस प्रकार, सैनिक सेना का एक भाग होता है, उसी प्रकार, खिलाडी टीम का एक भाग होता है ।

Q.2 रक्त जैसे शिरा से संबंधित है वैसे ही तेल किससे संबंधित है ?

(A) कार (B) पाइपलाइन
(C) इंजन (D) पेट्रोल

उत्तर (B)

व्याख्या- जिस प्रकार, रक्त शिरा में बहता है, उसी प्रकार तेल, पाइपलाइन में बहता है ।

Q.3 जिस प्रकार लाल का संबंध रूकना से है, उसी प्रकार हरा का संबंध किससे है ?

(A) पेन्ट (B) रंग
(C) चलना (D) दिया

उत्तर (C)

व्याख्या- जिस प्रकार लाल रंग का प्रयोग वाहन को रोकने के लिए किया जाता है, उसी प्रकार हरे रंग का प्रयोग वाहन के चलाने या जाने के लिए किया जाता है ।

Q.4 दिवस का रात्रि से वही संबंध है जो गोधूलिवेला का .........से है ?

(A) प्रातः काल (B) ऊषाकाल
(C) मध्याह (D) सांयकाल

उत्तर (B)

व्याख्या- जिस प्रकार दिवस का विलोम रात्रि होता है, उसी प्रकार, गोधूलिवेला का विलोम ऊषाकाल होता है ।

Q.5 जिस प्रकार महासागर का संबंध तालाब से है, उसी प्रकार किलोमीटर का संबंध किससे है ?

(A) मीटर (B) मिलीमीटर
(C) सेन्टीमीटर (D) डेसीमीटर

उत्तर (B)

व्याख्या- जिस प्रकार जल का सबसे बडा संचित स्त्रोत महासागर है, जबकि सबसे छोटा स्त्रोत तालाब है, उसी प्रकार किलोमीटर का सबसे छोटा स्त्रोत मिलीमीटर होगा ।

निर्देश (Q.6 से Q.13) निम्नलिखित प्रश्नों मे सही विकल्प का चयन कीजिए ।

Q.6 चौडा : संकीर्ण :: पैना : ?

(A) धारहीन (B) नुकीला
(C) चाकू (D) खुरदरा

उत्तर (A)

व्याख्या- जिस प्रकार, चौडा का विपरीत संकीर्ण है उसी प्रकार, पैना का विपरीत धारहीन है ।

Q.7 प्रतिरोध : ओम :: विद्युतधारा : ?

(A) फैराडे (B) एम्पीयर
(C) रेडियन (D) वोल्ट

उत्तर (B)

व्याख्या- जिस प्रकार प्रतिरोध का मात्रक ओम है, ठीक उसी प्रकार, विद्युतधारा का मात्रक एम्पीयर है ।

Q.8 लखनऊ : उत्तर प्रदेश :: राँची : ?

(A) झारखण्ड (B) ओडिशा
(C) उत्तराखण्ड (D) छत्तीसगढ

उत्तर (A)

व्याख्या- जिस प्रकार, लखनऊ, उत्तरप्रदेश राज्य की राजधानी है, उसी प्रकार राँची झारखण्ड राज्य की राजधानी है ।

Q.9 बर्फ : ठण्डक :: पृथ्वी : ?

(A) वजन (B) जंगल
(C) गुरूत्वाकर्षण (D) समुद्र

उत्तर (C)

व्याख्या- जिस प्रकार, बर्फ में ठण्डक होती है, उसी प्रकार पृथ्वी में गुरूत्वाकर्षण होता है ।

Q.10 रेशमकीट : रेशम :: नाग : ?

(A) विषहर (B) विष
(C) मृत्यु (D) मरन

उत्तर (B)

व्याख्या- जिस प्रकार, रेशमकीट से रेशम प्राप्त किया जाता है, उसी प्रकार, नाग से विष प्राप्त किया जाता है ।

Q.11 शरीर : कंकाल :: ? : व्याकरण

(A) भाषा
(B) अर्थ
(C) विद्यालय
(D) शिक्षक

उत्तर (A)

व्याख्या- जिस प्रकार, शरीर का मुख्य आधार कंकाल है, उसी प्रकार भाषा का मुख्य आधार व्याकरण है ।

Q.12 मैराथन : दौड़ :: शीतनिद्रा : ?

(A) सर्दी
(B) भालू
(C) स्वप्न
(D) निद्रा

उत्तर (D)

व्याख्या- जिस प्रकार, मैराथन एक प्रकार की दौड़ है, उसी प्रकार, शीतनिद्रा एक प्रकार की निद्रा है ।

Q.13 पुरुष : जीवनी :: राष्ट्र : ?

(A) भूगोल
(B) इतिहास
(C) नेता
(D) जनता

उत्तर (B)

व्याख्या- जिस प्रकार, किसी पुरुष के जीवन की कहानी, जीवनी होती है, उसी प्रकार, किसी राष्ट्र की कहानी, इतिहास होती है ।

(Q.14 से Q.15)निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से वह युग्म चुनें जो पहले युग्म के शब्दों की भाँति आपस में संबंधित हो ।

Q. 14 तीर : धनुष :: ?

(A) फुटबॉल : हाथ
(B) सलाद : चाकू
(C) गोली : बंदूक
(D) धुआँ : पानी

उत्तर (C)

व्याख्या- जिस प्रकार तीर चलाने के लिए धनुष का प्रयोग किया जाता है उसी प्रकार गोली चलाने के लिए बंदूक का प्रयोग किया जाता है ।

Q.15 बुकर पुरस्कार : साहित्य :: ?

(A) ग्रेमी पुरस्कार : पत्रकारिता
(B) पुलित्जर पुरस्कार : पत्रकारिता
(C) ग्लोबल पुरस्कार : फिल्म
(D) ऑस्कर पुरस्कार : विज्ञान

उत्तर (B)

व्याख्या- जिस प्रकार बुकर पुरस्कार साहित्य से संबंधित हैं, उसी प्रकार पुलित्जर पुरस्कार, पत्रकारिता के क्षेत्र में दिया जाता है ।

Q.16 जिस प्रकार ERID संबंधित है DIRE से, उसी प्रकार RIPE संबंधित है ?

(A) EPIR
(B) REPI
(C) EPRI
(D) PEIR

उत्तर (A)

व्याख्या- अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा गया है

RIPE = EPIR

Q.17 जिस प्रकार DRIVE का संबंध ESJWF से है, उसी प्रकार FIGHT का संबंध किससे है ?

(A) EHFGS
(B) GJHIU
(C) GJFHU
(D) EJFGU

उत्तर (B)

व्याख्या-

जिस प्रकार




उसी प्रकार




Q.18 जिस प्रकार WT का संबंध QN से है, उसी प्रकार FC का संबंध किससे है ?

(A) KH
(B) MJ
(C) GJ
(D) ZW

उत्तर (D)

व्याख्या-




Q.19 ROUGH का UHROG से संबंध है और PLUCK का UKPLC से संबंध है तो ANCHOR का संबंध ..... ......से होगा ?

(A) NHRACO

(B) HORANC

(C) ACONHR

(D) निर्धारित नहीं किया जा सकता

उत्तर (D)

व्याख्या- निर्धारित नही किया जा सकता क्योंकि इसमें छः अक्षर हैं ।

Q.20 EK : MS :: AG : ?

(A) IM (B) IJ

(C) IO (D) JP

उत्तर (C)

व्याख्या-




Q.21 NEUROTIC:TICRONEU::PSYCHOTIC:?

(A) TICCOHPSY (B) TICOCHPSY

(C) TICCHOPSY (D) TICHCOPSY

उत्तर (C)

व्याख्या- जिस प्रकार




उसी प्रकार




Q.22 AZBY : CXDW :: EVFU : ?

(A) GHTS (B) TGBH

(C) GTHS (D) GSTH

उत्तर (C)

व्याख्या- जिस प्रकार




उसी प्रकार




Q.23 BOTTLE : CQWXQK :: FILLED : ?

(A) GKOPJJ (B) GKOPJK

(C) GKPOJJ (D) GHOPJJ

उत्तर (A)

व्याख्या- जिस प्रकार



उसी प्रकार




Q.24 Cricket : Pitch :: Skating : ?

(A) Rink (B) Ground

(C) Cowet (D) Ring

उत्तर (A)

व्याख्या- जिस प्रकार Cricket, pitch पर खेला जाता है उसी प्रकार Skating, Rink में की जाती है ।

Q.25 Oxygen : Burn :: Carbon dioxide : ?

(A) Isolate (B) Foam

(C) Extinguishes (D) Explode

उत्तर (C)

व्याख्या- जिस प्रकार, Oxygen, Burn मे सहायक है । उसी प्रकार, Carbon dioxide, Extinguish में सहायक है ।

Q.26 17 : 153 :: 24 : ?

(A) 213 (B) 216

(C) 144 (D) 122

उत्तर (B)

व्याख्या- जिस प्रकार , 17X9=153

उसी प्रकार, 24X9 = 216

Q.27 64 : 513 :: 144 : ?

(A) 1727 (B) 1729

(C) 1728 (D) 1730

उत्तर (B)

व्याख्या- प्रथम युग्म

$$8^2 = 64$$

$$8^3 + 1 = 512 + 1 = 513$$

इसी प्रकार

$$(12)^2 = 144$$

$$12^3 + 1 = 1728 + 1 = 1729$$

Q.28 63 : 36 :: ? : ?

(A) 94:49 (B) 35:54

(C) 47:72 (D) 73:39

उत्तर (A)

व्याख्या- जिस प्रकार




उसी प्रकार




निम्न प्रश्नों से उस संख्या समुच्चय को चुनिए, जो प्रश्न में दी गई संख्या समुच्चय से अधिकतम मेल खाता है ।

Q.29 (12,20,28)

(A) (3,15,18)

(B) (18,27,72)

(C) (18,30,42)

(D) (7,14,28)

उत्तर (C)

व्याख्या- जिस प्रकार




उसी प्रकार




Q.30 (1050,210,42)

(A) 95,19,3 (B) 60,12,2

(C) 125,25,6 (D) 75,15,3

उत्तर (D)

व्याख्या-

$1050, (1050 \div 5)\ ;\ (1050 \div 25) =$
$1050{,}210{,}42$

उसी प्रकार

$$75, (75 \div 5), (75 \div 25) = 75{,}15{,}3$$

# वर्गीकरण (Classification)

किसी अक्षर-समूह, शब्द एवं संख्या को उनके सामान्य गुण, धर्म, आकार-प्रकार, रंग, रूप, लक्षण एवं अन्य गुणों के आधार पर किसी समूह में वर्गीकृत करने की प्रक्रिया को वर्गीकरण कहते है ।

उदाहरण 1 -
भिन्न शब्द का चयन कीजिए ?
(A) सेब (B) अंगूर
(C) केला (D) आलू
उत्तर (D)
व्याख्या- सेब, अंगूर, केला फल है और आलू एक सब्जी है । अतः आलू समूह से भिन्न है ।

उदाहरण 2 -
भिन्न शब्द का चयन कीजिए ?
(A) टी. वी. (B) साइकिल
(C) फ्रिज (D) वाशिंग मशीन
उत्तर (B)
व्याख्या- साइकिल को छोडकर अन्य सभी घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है । अतः साइकिल समूह से भिन्न है ।

## वर्गीकरण के प्रश्नों के प्रकार

1. भिन्न शब्द चुनना
2. भिन्न शब्द युग्म चुनना
3. भिन्न अंग्रेजी अक्षर/अक्षर-समूह चुनना
4. भिन्न संख्या/संख्या समूह चुनना

प्रश्नों के प्रकार
प्रकार 1 भिन्न शब्द चुनना - इस प्रकार के प्रश्नों में विकल्प के रूप में कुछ शब्द दिए गए होते है, जिनमें से एक को छोडकर अन्य सभी शब्द एक समूह, वर्ग या जाति के होते है, जबकि बचा हुआ आखिरी शब्द दूसरे अर्थात् भिन्न समूह, जाति या वर्ग का होता है ।

शब्दों की कुछ प्रमुख समानताएँ निम्नवत् है -
(1) अर्थ की समानता
(2) कार्यात्मक समानता
(3) संरचनात्मक समानता
(4) संख्यात्मक समानता
(5) स्थान की समानता
(6) पद की समानता
(7) विशेष दोनों के संबंधों की समानता
(8) तकनीकी समानता

उदाहरण 3 -
दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द को चुनिए?
(A) बस (B) कार
(C) ट्रक (D) हवाई जहाज
उत्तर (D)
व्याख्या- हवाई जहाज के अतिरिक्त अन्य सभी सडक पर चलने वाले वाहन है, जबकि हवाई जहाज हवा में उडता है ।

उदाहरण 4 -
भिन्न शब्द को चुनिए ?
(A) सी वी रमन
(B) सुभाष चन्द्र बोस
(C) महात्मा गाँधी
(D) भगत सिंह
उत्तर (A)
व्याख्या- दिए गए व्यक्तियों में से सी. वी. रमन एक वैज्ञानिक थे, जबकि सुभाष चन्द्र बोस, महात्मा गाँधी तथा भगत सिंह भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे ।

उदाहरण 5 -
निम्नलिखित में कौन-सा विषम राज्य है ?
(A) छत्तीसगढ (B) उत्तराखण्ड
(C) झारखण्ड (D) गुजरात
उत्तर (D)
व्याख्या- गुजरात एक तटीय राज्य है जबकि अन्य सभी भू-बद्ध राज्य है ।

उदाहरण 6 -
भिन्न विकल्प का पता लगाइए ?
(A) सुनना (B) चढना
(C) तैरना (D) दौडना
उत्तर (A)
व्याख्या- सुनना के अतिरिक्त अन्य सभी शारीरिक क्रिया - कलाप द्वारा होते है ।

प्रकार 2 - भिन्न शब्द युग्म चुनना - इस प्रकार के प्रश्नों में शब्दों के चार/पाँच युग्म दिए गए होते है, जिनमें से तीन/चार शब्द किसी प्रकार से एकसमान होते है और इस प्रकार से ये अपने एक समूह का निर्माण करते है जबकि शेष एक युग्म अन्य से भिन्न होता है ।

उदाहरण - 7
भिन्न शब्द युग्म को चुनिए ?
(A) ऑक्सीजन-गैस
(B) धातु-प्लेटिनम
(C) तरल - जल
(D) ठोस - लोहा

उत्तर (A)
व्याख्या- विकल्प (A) के अतिरिक्त, अन्य सभी विकल्पों में पहला शब्द, दूसरे शब्द की अवस्था को निरूपित करता है ।

उदाहरण - 8
भिन्न शब्द युग्म को चुनिए ?
(A) जूता - चमडा
(B) लोहा - कुल्हाडी
(C) मेज - लकडी
(D) ज्वैलरी - सोना
उत्तर (B)
व्याख्या- लोहा-कुल्हाडी के अतिरिक्त अन्य सभी युग्मों में पहली वस्तु को बनाने के लिए दूसरी वस्तु की आवश्यकता होती है ।

भिन्न शब्द समूह चुनना -
उदाहरण - 9
भिन्न शब्द समूह को चुनिए ?
(A) सूर्य, चन्द्रमा, पृथ्वी
(B) पृथ्वी, चन्द्रमा, मंगल
(C) सूर्य, तारा, चन्द्रमा
(D) मंगल, बुध, बृहस्पति
उत्तर (D)
व्याख्या- विकल्प (D) से मंगल, बुध, बृहस्पति - ये तीनों ही ग्रह हैं ।

प्रकार 3 - भिन्न अंग्रेजी अक्षर/अक्षर-समूह चुनना -
इस प्रकार के प्रश्नों में अक्षर या अक्षर-समूह या शब्द दिए होते है, जिनमें से एक को छोडकर अन्य सभी किसी प्रकार से समान होते है ।

(i) एक अक्षर वर्गीकरण -
उदाहरण - 10
भिन्न अक्षर को चुनिए ?
(A) A (B) B
(C) C (D) D
उत्तर (A)
व्याख्या- A को छोडकर अन्य सभी व्यंजन अक्षर है ।

उदाहरण - 11
भिन्न अक्षर को चुनिए ?
(A) B (B) L
(C) Q (D) Z
उत्तर (C)
व्याख्या- Q को छोडकर अन्य सभी अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला में बाईं ओर से सम स्थान पर आते है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 12 | 26 | 17 |
| B | L | Z | Q |

(ii) दो अक्षर वर्गीकरण
उदाहरण - 12
दिए गए विकल्पों में से विषम अक्षरों को चुनिए ?
(A) FE (B) NM
(C) DC (D) QR
उत्तर (D)
व्याख्या-




स्पष्ट है कि QR के अतिरिक्त अन्य सभी में - 1 हो रहा है ।

(iii) तीन अक्षर वर्गीकरण
उदाहरण - 13
भिन्न अक्षर-समूह को चुनिए ?
(A) HJA (B) NPE
(C) OQU (D) XYZ
उत्तर (D)
व्याख्या- XYZ अक्षर-समूह को छोडकर अन्य सभी अक्षर-समूहों में प्रथम दो अक्षरों के बीच में एक अक्षर का अन्तर है ।

(iv) चार अक्षर का वर्गीकरण
उदाहरण - 14
भिन्न अक्षर-समूह को चुनिए ?
(A) ABDE (B) FGIJ
(C) KLMN (D) OPRS
उत्तर (C)
व्याख्या- KLMN अक्षर-समूह को छोडकर अन्य सभी अक्षर-समूहों में पहले और तीसरे स्थान के अक्षरों के बीच में दो अक्षरों का अंतर है ।

उदाहरण - 15
दिए गए विकल्पों में से भिन्न अक्षर समूह को चुनिए ?
(A) SPMJ (B) XURO
(C) NKHE (D) ZWSP
उत्तर (D)